नया इंडिया
राजस्थान
भीलवाड़ा

मौसम
रपट/पूर्वानुमान

	न्यूनतम	अधिकतम	सार संक्षेप
00-अप्रैल	26.0	40.0	मौसम साफ रहेगा।
00-अप्रैल	25.0	40.0	मौसम साफ रहेगा।

बीएएमडीए की कार्यकारिणी गठित

भीलवाड़ा ऑटोमोबाइल्स एवम मशीनरी डीलर्स एसोसिएशन की वर्ष 2021-23 की नवीन कार्यकारिणी की बैठक ऑटोमोबाइल भवन पर रखी गई। BAMDA की वर्ष 2021-23 की कार्यकारिणी में संरक्षक रामस्वरूप अग्रवाल व सोहनलाल पानगडिया, अध्यक्ष देवेन्द्र कुमार पटेल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ब्रज मोहन मंडोवरा, उपाध्यक्ष राजेश कर्णावट, सचिव गौरांग पटेल, सहसचिव आशीष अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नंदकिशोर पूर्विया, संगठन मंत्री राजेंद्र भदादा, प्रचार-प्रसार मंत्री राजेश अग्रवाल, तकनीकी प्रभारी सुमित जागेटिया एवं सलाहकार सदस्य केदार लड्ढा, कैलाश मूंदड़ा, हेमंत कोठारी, संजय कोगटा, श्याम डाड, श्याम नंदवाना व कार्यकारिणी सदस्य केदार जागेटिया, मनोहर कोठारी, संजय मूंदड़ा, मोहम्मद हनीफ, मनीष सोनी, कमलेश लाठी, सुनील चैधरी, जितेन्द्र मारू, महेंद्र लोढ़ा, सुनील खमेसरा, सत्यनारायण बिड़ला, राजकुमार गदिया बने। शपथ ग्रहण अधिकारी संजय कोगटा ने सभी नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को कर्तव्य एवं अधिकार की शपथ दिलवाई। चुनाव अधिकारी संजय कोगटा का देवेन्द्र पटेल द्वारा माला द्वारा सम्मान किया गया एसोसिएशन के सम्मानित सदस्य केदार जागेटिया का उनके द्वारा भीलवाड़ा जिला में जल संवर्धन हेतु किए गये उत्कृष्ट प्रयास हेतु मोमेंटो एवम माला द्वारा रामस्वरूप अग्रवाल, संजय कोगटा एवं देवेन्द्र पटेल द्वारा सम्मान किया गया। कोरोना महामारी को देखते हुए होली मिलन समारोह को कार्यकारिणी द्वारा सर्वसम्मति से स्थगित रखने का निर्णय लिया गया।

नकदी और आभूषण चोरी

पारोली। थाना क्षेत्र के मातांजी का खेड़ा गांव में दिनदहाड़े चोर घर के पिछवाड़े से अंदर प्रवेश कर संदूक में रखे 15000 नगद और आभूषण चुरा ले गए। लालाराम ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि घर पर उनका बेटा राधेश्याम कुल्फी बेचकर शाम 4 बजे घर लौटा तो मुख्य दरवाजा बंद था। दूसरे की छत से अंदर जाकर देखा तो कमरों के ताले टूटे पड़े थे। कमरे में रखे संदूक में रखे 15000 रुपए और दो जोड़ी पायजेब, चांदी के कड़ूलिया, चेन और मांदलिया गायब थे। गौरतलब है कि एक पखवाड़े पूर्व शिक्षक भागचंद माली के घर पर भी दिनदहाड़े चोरी हुई थी लेकिन अभी तक उसका कोई सुराग नहीं लगा है।

समाचार: जिला, आसपास

सहाड़ा उप चुनाव : चुनाव प्रचार का बजा बिगुल, जनसम्पर्क में जुटे प्रत्याशी

भीलवाड़ा ■ संवाद सूत्र

सहाड़ा विधानसभा उपचुनाव का मुकाबला भाजपा के साथ ही कांग्रेस के उम्मीदवार के बीच होना है अब यह मुकाबला और रोचक हो गया है। सहाड़ा विधानसभा सीट से नाम वापसी के बाद अब उपचुनाव में कांग्रेस से गायंत्री देवी त्रिवेदी, भाजपा से डा.रतनलाल जाट, आरएलपी से बद्रीलाल जाट, राइट टू रिकॉल पार्टी से ईश्वर चौधरी, निर्दलीय दिनेश कुमार शर्मा,मांगीलाल,रामेश्वर लाल ओर विकास पारीक चुनाव मैदान में रह गए है। सहाड़ा विधानसभा चुनाव कांग्रेस और भाजपा की प्रतिष्ठा का प्रश्न बन गया है कांग्रेस प्रत्याशी और भाजपा उम्मीदवार की जीत हार की दिशा चुनाव मैदान से हटे हुए लादू लाल पितलिया के समर्थक जीत हार की दिशा तय करेंगे, ऐसी क्षेत्र में खासी चर्चा है । लोगों का तो यहां तक कहना है कि इस बार यह चुनाव कोई नया रिकॉर्ड भी कायम कर सकता है।

17 अप्रैल को होने वाले मतदान को लेकर प्रमुख राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं द्वारा मतदाता को साधने के लिए डोर-टू-

डोर प्रचार-प्रसार किया जाएगा। कोरोना के बढ़ते प्रकोप के चलते अब प्रत्याशी के साथ पांच जनें ही प्रचार कर सकेंगे। विधान सभा उप चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी डा. रतन लाल जाट के समर्थन में मोखुन्दा मण्डल का सघन दौरा किया गया जिसमें सांसद सुभाष बहेड़िया, जिला अध्यक्ष लादू लाल तेली, पूर्व विधायक रूपलाल जाट, पूर्व विधायक डा.बालुलाल चौधरी, जिला भाजपा प्रभारी दिनेश भट्ट, जिला उपाध्यक्ष नाथू लाल गाडरी, मण्डल अध्यक्ष मुकेश सोनी, जिला प्रमुख बरजी बाई भील आदि ने जन सम्पर्क किया, मण्डल के गांवों में सभी जातियों के ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए डा. जाट एवं अन्य नेताओं ने भाजपा शासन के दौरान किए गये विकास कार्यों एवं मोदी सरकार द्वारा देश के नागरिकों के हितों में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी।

जिला मीडिया प्रभारी महावीर ने बताया कि 5 अप्रेल को रायपुर मण्डल के शिवनाथपुरा, जोगरास, नाहरी, गाडरी खेड़ा, दुल्हेपुरा, देवनगर, दधिमती नगर, सरगू, फतेहपुरा, आसपुर, ऊकारपुरा, पनीतिया, मोटरों का खेड़ा, नाथड़वास, मोखमपुरा, सगरेव, जगपुरा, थला, पीथलपुरा, पाटिया का खेड़ा, गाडरीखेड़ा, अर्जुनगढ़, बागोलिया, बाड़ी और सुरास में भाजपा की ओर से जन सम्पर्क किया जाएगा।

वहीं कांग्रेस प्रत्याशी गायत्री देवी त्रिवेदी के समर्थन में जिलाध्यक्ष रामपाल शर्मा, महामंत्री (संगठन) महेश सोनी, चेतन डीडवानिया, ज्योति उपाध्याय ने कार्यकर्ताओं सहित जनसम्पर्क किया सघन दौरा किया गया। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष स्पर्धा चौधरी के निर्देशानुसार राजस्थान प्राईवेट नर्सेज एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष प्रदीप चौधरी सहाड़ा रायपुर विधानसभा में रालोपा के समर्थन में मत की अपील कर रहें चौधरी ने बताया कि सहाड़ा उपचुनाव को लेकर राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी से त्याशी बद्री लाल जाट को चुनाव मैदान में खड़े करके दोनों ही पार्टियों को मात देने के लिए कमर कस ली है इसी के अंतर्गत सहाड़ा रायपुर विधानसभा के गंगापुर नगर पालिका में रालोपा के कार्यकर्ताओं ने घर घर जाकर जनसंपर्क किया ।

रालोपा के प्रदीप चौधरी ने बताया कि रूपा किसान मजदूर गरीब शोषित वर्ग की पार्टी है। उधर कारोई क्षेत्र के गुरला ग्राम में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल करने वाले एवं नाम वापस लेने वाले लादूलाल पितलिया के समर्थन में ग्रामीणों ने अधिकाधिक नोटा पर वोट डालने व डलवाने के प्रयास करने की शपथ ली। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता हीरालाल शर्मा,दिनेश त्रिपाठी, घनश्याम सेन आशीष शर्मा, कमलेश माली ने संबोधित किया।

फटाफट

उपप्रवर्तिनी साध्वी मेना कंवर का मंगल प्रवेश

भीलवाड़ा। राजस्थान उपप्रवर्तिनी साध्वी मेना कंवर आदि ठाणा ने रविवार को प्रात काशीपुरी स्थित शीतल स्वाध्याय भवन से विहार कर तिलक नगर स्थित यश विहार में मंगल प्रवेश किया। प्रवेश पश्चात प्रति रविवार होने वाला नवकार महामंत्र जाप आयोजित हुआ। इस दौरान आयोजित धर्म चर्चा मे उपस्थित श्रावक श्राविकाओं को साध्वी मेना कंवर मासा ने कहा कि जीवन में नवकार महामंत्र का संबंध होना चाहिए। बच्चे के जन्म लेने पर सर्वप्रथम नवकार मंत्र सुनाना चाहिए। जैन धर्म की क्रियाएं भी इसी मंत्र से शुरू होती हैं। प्रत्येक व्यक्ति को नवकार मंत्र का जाप प्रतिदिन 108 बार करना चाहिए। मंगलवार को साध्वी मेना कंवर मासा आदि ठाना प्रात यश विहार से विहार कर सुवाणा स्थित जैन स्थानक मे होगा। जाप के दौरान आर एल टूकलिया, अशोक पोखरना, मुकेश डांगी, पार्थद मंजू पोखरना, धर्मीचंद नंदावत, हेमंत बाबेल, सेवारत्न प्रमोद सिंघवी, श्याम सिंह चौहान, विनोद चौधरी, प्रमिल सिंघवी, अलका सिंघवी, निष्पा पोखरना, अलका बंब आदि उपस्थित थे।

बजरी का अवैध परिवहन करते एक डम्पर, 5 ट्रेक्टर-ट्रॉली जब्त

भीलवाड़ा। जिले में अवैध रूप से बजरी खनन और परिवहन को लेकर पुलिस और खनन विभाग के संयुक्त अभियान के तहत पुलिस ने रविवार को कार्यवाही करते हुए एक डम्पर और पांच ट्रेक्टर-ट्रॉलियों को जब्त किया है। कारोई थाना पुलिस ने बजरी माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई करते हुये तीन वाहन जब्त किये हैं। कारोई थाने के सहायक उप निरीक्षक साबिर मोहम्मद ने गश्त के दौरान दौलपुरा क्षेत्र से एक डंपर व दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को बजरी परिवहन करते जब्त किया। पुलिस की इस कार्रवाई से बजरी माफियाओं में खलबली मच गई। इसी तरह सवाईपुर क्षेत्र में खरेड़ गांव के पास से गुजर रही बनास नदी में रविवार सुबह अवैध रूप से बजरी का खनन करती तीन ट्रैक्टर ट्रॉली को पुलिस ने जब्त किया।

12 साल बाद बृहस्पति का कुंभ राशि में आज होगा प्रवेश

भीलवाड़ा ■ संवाद सूत्र

अन्तर्राष्ट्रीय ज्योतिष विज्ञान शोध संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. पं सीताराम त्रिपाठी शास्त्री ने खगोलिय घटना मानव जीवन पर पडने वाले प्रभाव देवगुरू बृहस्पति 6 अप्रैल मंगलवार को मकर राशि में कुंभ राशि में प्रवेश करेंगे। उनका यह प्रवेश रात 11.10 बजे होगा। इस साल में गुरू का ये पहला राशि परिवर्तन होगा। उनका यह प्रवेश इस राशि में करीब 12 साल बाद हो रहा है। इसके बाद वे वर्ष 2033 में कुंभ राशि में आएंगे। अभी तक देवगुरू अपनी नीच राशि में शनि के साथ गोचर कर रहे थे। अब शनि की ही राशि कुंभ में गोचर करेंगे। इस राशि में यह 13 सितंबर तक रहेंगे। इसी बीच 20 जून की रात्रि 8 बजकर 28 मिनट पर वक्री होंगे। और उसी अवस्था में चलते हुए पुनः 14 सितंबर की दोपहर 2 बजकर 28 मिनट पर पुनः वापस मकर राशि में प्रवेश कर जाएंगे। इसके बाद 18 अक्टूबर को मार्गी होंगे और 20 नवंबर को पुनः कुंभ राशि में प्रवेश कर जाएंगे। देश की जीडीपी ग्रोथ रेथ बढेगी शेयर बाजार सेसेक्स अचानक नया रिकार्ड बनायेगा कीमती धातु सोना-चान्दी सस्ता होने के बाद तेज होगा भूमि-भवन के भावों मे जोरादार वृद्धि होने के प्रबल योग है। राजयोग का कारक ग्रह बृहस्पति होने से राजनीतिक उथल-पुथल होगी कई राज्यों में सता परिवर्तन के योग बनते है। मंहगाई बढेगी, पेट्रोल-डीजल के भावों में कमी नही आयेगी। डां. त्रिपाठी ने बताया कि देवगुरू को सर्वाधिक शुभ एवं शीघ्र फलदायी माना गया है। गुरू ग्रह को धर्म अध्यात्म धन ज्ञान और सत्कर्म का कारक माना जाता है। यह विवाह व सुखी दाम्पत्य जीवन का भी कारक यह है। शनि के साथ इसकी युति समाप्त होने से जिन जातको के विवाह रूके थे उनके विवाह में आ रही बाधाएं दूर होगी। यह धनु व मीन राशि के स्वामी है। गुरू पंचम दृष्टि से मिथुन ससम से सिंह व नवम से तुला को देखेगे। इन तीनों राशियों के लिए ये मंगलकारी रहेंगे।

बढ़ रहे कोरोना के रोगी, लग सकते हैं कड़े प्रतिबंध!

भीलवाड़ा ■ संवाद सूत्र

19 मार्च 2020 का दिन। हम भूले नहीं भूल सकते। यह वही दिन है, जब भीलवाड़ा में वैश्विक महामारी कोरोना ने दस्तक दी थी। शहर में बृजेश बांगड़ मेमोरियल हॉस्पिटल के एक डॉक्टर में सबसे पहले संक्रमण पाया गया। इसके अगले ही दिन यानी 20 मार्च 2020 को अस्पताल के ही 5 और डॉक्टर-नर्सिंगकर्मी में संक्रमण की रिपोर्ट। यह देखते ही प्रशासन के हाथ-पैर फूल गए। तत्कालीन जिला कलेक्टर राजेंद्र भट्ट ने हमारी जिंदगी बचाने के लिए दोपहर 2 बजे से भीलवाड़ा शहर में कफ्र्यू का एलान कर दिया था। फिर महाकफ्र्यू लगा दिया गया, जो पूरे 56 दिन (16 मई 2020 तक) चला। ये कफ्र्यू देश में संभवतया सबसे लंबा था। आखिरकार कोरोना तेजी से कहर बरपाता गया। और कई लोगों को डॉक्टर भी अथक प्रयासों के बावजूद नहीं बचा सके। इनमें कांग्रेस के तीन बार विधायक रहे कैलाश त्रिवेदी भी शामिल हैं। वैश्विक महामारी का दंश, महाकफ्र्यू और अपनों को



खोने का महादर्द हम कभी नहीं भूल सकते। भूलना भी नहीं है, क्योंकि कोरोना फिर से पलटवार करने लगा है। इसी महीने में (मार्च) मरीज फिर बढ़ने लगे हैं।

जिला कलेक्टर शिवप्रसाद एम.नकाते ने भी माना है कि पिछले कुछ दिन से पॉजीटिव बढ़ रहे हैं। फिर भी हम वही महा लापरवाही बरत रहे हैं। बात चाहे कलेक्ट्रेट की हो या पुलिस कंट्रोल रूम के बाहर की। रेलवे स्टेशन की हो या रोडवेज बस स्टैंड। सूचना केंद्र चौराहा हो या बड़ा मंदिर क्षेत्र अथवा कोई भी मेन मार्केट। सब जगह हालात वैसे ही हैं। महा लापरवाही भरे। 80 प्रतिशत लोगों के मुंह पर मास्क नहीं है या प्रॉपर नहीं लगा। यानी नाक व मुंह के नीचे ठोडी पर अथवा गले में। सोशल डिस्टेंस यानी दो गज की दूरी ने तो स्वयं ही दूरी बना ली है। ऐसे में हाथों को सेनेटाइज करने की सोचना तो बेमानी ही है। पर हमें खुद की और अपनों की जिंदगी बचाने के लिए महा जिम्मेदारी और महासावधानी दिखानी ही होगी। ये केवल जनता की जिम्मेदारी नहीं, नेताओं व अफसरों को भी खुद पालना करनी होगी।

होली सहित अन्य त्यौहारों के साथ ही सहाड़ा के उप चुनाव भी 17 अप्रेल को हैं। जिस तरह कोरोना से लडने में हम रोल मॉडल बने और पूरे देश को एक दिशा दी। उसी तरह एक बार फिर हमें मॉडल यानी आदर्श नागरिक बनना होगा वरना फिर हालात बिगड़ सकते हैं। यदि ऐसा हुआ तो कोरोना का लॉकडाउन या कफ्र्यू झेलने के लिए हमें तैयार रहना चाहिए। प्रशासन ने भी संकेत दिए हैं कि यदि हालात बिगड़े तो कड़े प्रतिबंध पर विचार किया जा सकता है।

सुर्खियां

ऑनलाइन ठगी कर बैंक खाते से उड़ाये डेढ़ लाख रुपये

भीलवाड़ा। शहर में इन दिनों साइबर क्राइम चरम पर है लोन कराने के नाम पर, खाता खोलने के नाम पर आये दिन ऑनलाइन ठगी के मामले बढ़ते जा रहे है। ऐसे में शिक्षित लोग भी इनके झांसे में आकर ठगी और धोखाधड़ी का शिकार होते जा रहे है। शहर के आर सी व्यास कॉलोनी निवासी एवँ चूरिया मूरिया शिक्षा पर्यावरण एवं स्वास्थ्य सेवा समिति की प्रभारी हेमलता अगनानी को ऑनलाइन झांसे में लेकर साइबर अपराधियों ने बैंक खातों से डेढ़ लाख रुपये निकाल लिये। घटना इस प्रकार हुई कि बुधवार को श्रीमती अगनानी ने गूगल पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के कस्टमर केअर टोल फ्री नंबर सर्च करके उनकी संस्था का एफसीआरए का नया खाता नई दिल्ली मैन ब्रांच में खोलने के बारे में कुछ आवश्यक जानकारी लेनी चाही। एसबीआई के टोल फ्री नम्बर पर बात करने वाले व्यक्ति ने पहले एनी डेस्क एप्प डाऊनलोड करवाया, फिर योनो लॉगिन भी करवाकर इंटरनेट बैंकिंग के थ्रू रमेश तथा हेमलता अगनानी के एसबीआई इंदिरा मार्केट शाखा स्थित संयुक्त खाते से यूपीआईमोड से दस हजार, पेटीएम के जरिये पच्चीस पच्चीस हजार दो बार कुल साठ हजार रुपये, उनके पति तथा वर्तमान में प्रिन्सिपल जोरावरपुरा रमेश अगनानी के इसी बैंक में स्थित व्यक्तिगत खाते से एक बार मे ही नब्बे हजार रुपये निकालने में सफल हो गए। श्रीमती अगनानी ने इस ऑनलाइन फ्रॉड की लिखित में सूचना घटना के तुरन्त बाद पुलिस अधीक्षक को दी, जिन्होंने कार्यालय स्थित साइबर क्राइम प्रीवेशन सेल को आदेशित किया। कोतवाली थाने में मामला दर्ज कर अपराधियों को पकड़ने के लिये प्रयास जारी हैं। भारतीय स्टेट बैंक की इन्दिरा मार्केट स्थित ब्रान्च से भी जानकारी मांगी है कि ये पैसा आगे कौनसे कौनसे खातों में ट्रान्सफर हुआ ।

जनसुनवाई और सतर्कता समिति की बैठक स्थगित

अजमेर। कोरोना संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिए जारी गाइडलाइन की पालना के तहत सोमवार को जिला कलक्टर की अध्यक्षता में आयोजित होने वाली जनसुनवाई और सतर्कता समिति की बैठक स्थगित कर दी गई है। बैठक की आगामी तिथि शीघ्र ही निर्धारित की जाएगी।

स्वर्गीय मनोज शर्मा की श्रद्धांजलि सभा आज

अजमेर। जेएलएन मेडिकल कॉलेज में वित्तीय सलाहकार के पद पर कार्यरत रहे स्वर्गीय श्री मनोज शर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए सोमवार 5 अप्रेल को सायं 5 बजे से 5.30 बजे तक विजय लक्ष्मी पार्क में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा। राजस्थान अकाउंटेंट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष श्री भंवर सिंह राजावत ने बताया कि श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कोरोना प्रोटोकॉल के अनुसार आगमन प्रस्थान के रूप में रखा गया है।

कोटा में आयोजित किये गये विशेष कोविड़ टीकाकरण शिविर

कोटा। जिला कलक्टर उज्जवल राठौड़ के निर्देश पर जिलेभर में कोविड़ टीकाकरण के तहत रविवार को चिकित्सा विभाग द्वारा सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों एवं व्ययापारिक संस्थाओं के सहयोग से विशेष शिविर आयोजित किये गये। जिसमें सभी स्थानों पर आम नागरिकों ने स्वप्रेरित होकर उत्साह पूर्वक कोविड़ वैक्सीन लगवाया। व्यापारिक संगठनों में जीएमए प्लाजा में आयोजित शिविर में 813 नागरिकों कोविड़ वैक्सीन लगवाई गई तथा सभी नागरिकों को परीडें प्रदान किये गये।

इलाका : मेवाड़

क्रिश्चियन समाज में मनाया ईस्टर का पर्व

भीलवाड़ा ■ संवाद सूत्र

क्रिश्चियन समाज में रविवार को ईस्टर का पर्व मनाया। शहर के सभी चर्च में विशेष प्रार्थना सभा हुई। इस दिन प्रभु यीशु मसीह के पुनः जीवित हो जाने को लेकर खुशियां मनाई जाती है। समाज के सदस्य नए वस्त्र पहन कर प्रार्थना सभा में आते है व एक-दूसरे को बधाइयां देते हैं।

सभी चर्चों में चर्च फादर प्रभु यीशु मसीह के जीवित होने का संदेश पवित्र बाइबल में से देते हैं। क्रिश्चियन सेवा समिति के अध्यक्ष गुडविन मसीह ने बताया कि शहर के सभी चर्च फादर द्वारा चर्च फादर

रेंन्जो फिलीप, फादर परमजीत माइकल, फादर बाबू, फादर डेनिस डेनियल, फादर जेकब जॉर्ज, पास्टर डेनिस सिंग, पास्टर अमानत मसीह, पास्टर बेथवेल गायकवाड, पास्टर नितिन हारून, पास्टर विपिन हारून, ब्रदर विपिन ब्रदर तगच्चन आदि धर्मगुरु द्वारा अपने चर्चों में कोरोना महामारी से मुक्ति के लिए विशेष प्रार्थना की। चर्च समाप्ति के बाद किसी भी चर्च में हाथ मिलाकर,गले मिलकर एक-दूसरे को बधाई आदि व सामूहिक भोज आदि जैसे कार्यक्रमों पर पूर्णतय से नहीं करने का संदेश दिया।

समाचार-आसपास

जंगल में लगी आग, टैंकर व दमकल से पाया काबू

भीलवाड़ा। जिले के रायपुर थाना क्षेत्र के कोशियल तालाब के पास जंगल में रविवार को अचानक आग लग गई। इससे झाडिय़ां व घास जल गया। दमकल और टैंकर की मदद से आग पर काबू पा लिया गया। जानकारी के अनुसार कोशियल तालाब के पास जंगल में रविवार को झाडिय़ों में अचानक आग लग गई। यह आग करीब ढाई सौ मीटर के इलाके में फैल गई। इससे झाडिय़ां व घास जल गया। आग की सूचना पर ग्रामीण, पुलिस और दमकल मौके पर पहुंची। साथ ही गांव के टैंकर भी बुलवा लिये गये। करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। आग के कारण सामने नहीं आये हैं।

बिना मास्क लोगों के बनाये चालान

भीलवाड़ा। जिले में कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों की संख्या में बढ़ोतरी के चलते रविवार को पुलिस प्रशासन ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए मास्क नहीं लगाने वाले दुकानदारों व वाहन चालकों के चालान काटे। मांडल तहसीलदार अजीतसिंह के निर्देशन में शुरू हुई कार्यवाही के बाद बस स्टैंड से लेकर बाजार तक चली इस कार्यवाही के बाद सभी जगहों पर लोग मास्क के साथ नजर आने लगे। इसके बाद बस स्टैंड पर बसों में चढ़कर लोगों को कोरोना गाइडलाइन के बारे में समझाया। इस दौरान मास्क नहीं लगाने वाले बस के चालक-परिचालक के भी चालान काटे गए।

महिला घायल

भीलवाड़ा । टेंपो में लिफ्ट लेकर सवार हुई महिला संदिग्ध परिस्थितियों में घायल हो गई। उधर, गुस्साये लोगों ने टेंपो चालक के साथ मारपीट कर दी। वहीं घायल महिला को उपचार के लिए चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार एक व्यक्ति टेंपो में गांवों में जाकर लहसून, प्याज बेचने का कार्य करता है। रविवार को एक महिला को ससुराल जाने के लिए मोखुंदा से बस पकडऩी थी। ऐसे में महिला की मां ने उसे उक्त टेंपो में बैठा दिया, ताकि वह मोखुंदा पहुंच कर अपने ससुराल के लिए बस पकड़ सके । रास्ते में यह महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। गल्यावड़ी के पास घटित घटना के बाद कुछ लोगों ने घटना से गुस्सा होकर चालक की पिटाई कर दी। उधर, महिला को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे राजसमंद के लिए रैफर कर दिया गया। टेंपो चालक का कहना था कि रास्ते में अचानक गड्ढा आने से महिला का सर टेंपो से टकरा गया, जिससे वह चोटिल हो गई। घटना के वास्तविक कारण महिला के होश में आने के बाद ही सामने आ पायेंगे।

बेबी सांप का किया रेस्क्यू

भीलवाड़ा। जिला कलेक्टर के निवास स्थान पर सुरक्षाकर्मी की केबिन में सांप होने की सूचना वन विभाग को मिली । इस पर वन्य जीव रक्षक कुलदीप सिंह रणावत व वन पाल छोटू लाल कोली मोके पर पहुंचे और वहां सेंड बोवा प्रजाति का बेबी सांप का रेस्क्यू कर उसे जंगल मे सुरक्षित छोड़ा गया।

पूर्व प्रधानमंत्री नेहरू के मूर्ति को किया खंडित करने की निंदा

भीलवाड़ा। पुष्कर क्षेत्र में असामाजिक तत्वों द्वारा देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू की प्रतिमा को खंडित किये जाने को लेकर अजमेर कांग्रेस लोकसभा प्रत्याशी रिजु झुनझुनवाला ने इसकी निंदा की और प्रशासन से जल्द से जल्द असामाजिक तत्व और संकीर्ण मानसिकता वाले लोगों की गिरफ्तारी की मांग की। पूर्वांचल समिति के पुष्कर क्षेत्र के अध्यक्ष तारा चंद गहलोत ने इस प्रकरण की जानकारी जवाहर फाउंडेशन के अध्यक्ष और लोकसभा प्रत्याशी उद्योगपति रिजु झुनझुनवाला को

टाइटन बायोटेक लिमिटेड
CIN: L74999RJ1992PLC013387
पंजी. कार्यालय: ए-902ए, रीको इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-III, भिवाड़ी, राजस्थान-301019
फोन: 011-27674615 ई-मेल: hrd@titanbiotechltd.com वेबसाईट : www.titanbiotechltd.com

शेयर प्रमाण पत्र की हानि की सूचना

एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि टाइटन बायोटेक लिमिटेड के निम्नलिखित शेयर प्रमाणपत्र जो कंपनी द्वारा जारी किए गए थे गुम या चोरी हो गए हैं और उक्त शेयर प्रमाणपत्र के पंजीकृत धारक / दावेदार ने डुप्लिकेट शेयर प्रमाणपत्र जारी करने के लिए कंपनी में आवेदन किया है।

क्रम सं.	नाम और फोलियो नं.	प्रमाण पत्र सं.	डसटिन्कटिव नं.	इक्विटी शेयरो की संख्या
1.	इकबाल इरफान क्वाला 13872	6688	649271-649370	100
		6850	665471-665570	100
		14714	1451871-1451970	100
		15648	1545271-1545371	100
		29353	2915771-2915870	100

किसी भी व्यक्ति जिनके पास इस तरह के शेयर प्रमाणपत्रों के संबंध में कोई दावा करता है, इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिनों के भीतर कंपनी के साथ लिखित रूप में इस तरह के दावे को दर्ज करना चाहिए। जिसके बाद कोई दावा नहीं किया जाएगा और रजिस्टार डुप्लीकेट प्रमाण पत्र जारी करने के लिए आगे बढ़ेंगे।

कृते के लिए
टाइटन बायोटेक लिमिटेड
हस्ता/-
चरनजीत सिंह
कंपनी सचिव

दिनांक: 03-04-2021
स्थान: नई दिल्ली